# लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, उज्जैन

## प्रतिवेदन 2025-26

- दिनांक 01 जुलाई 2025 महाविद्यालय में सुन्दरकाण्ड आयोजन रहा जिसके अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही पूर्व छात्रों द्वारा पिछले सेमेस्टरों में गतिविधियों के दौरान पुरुस्कृत छात्रों कों पुरुस्कार वितरण किया गया |

- दिनांक 23 जुलाई 2025 को "एक पौधा माँ के नाम" कार्यक्रम में समस्त लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के शिक्षकों व बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधा रोपण किया गया |

- दिनांक 01 अगस्त 2025 लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में तिलक जयंती समारोह व स्थापना दिवस पर छात्रों के बीच कार्यक्रम का आयोजन रहा तदोपरांत यूनिट CBSE Dome में "संस्कार भारती रंगोली" वर्ग आयोजन के अंतर्गत उपस्थित रही गुर्जर मेडम द्वारा छात्रों को रंगोली सिखाई गई जिसमे बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रंगोली बनाकर आनंद का अनुभव किया गया छात्रों के सहयोग के लिए महाविद्यालय से डॉ. माधवी सगरे एवं डॉ. धर्मिष्ठा शर्मा उपस्थित हुए |

- दिनांक 07 अगस्त 2025 राखी बनाओं कार्यशाला का आयोजन रहा जिसके अंतर्गत बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा राखी बनाकर कार्यशाला में सहभागिता प्रदान की |

- दिनांक 14 अगस्त 2025 को "अखंड भारत दिवस" के कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके अंतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य कॉलेज व लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के एकीकृत प्राचार्यों व शिक्षकों की उपस्थिति रही | कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री लोकेन्द्र जी शर्मा द्वारा उपस्थिति प्रदान की गई |

- दिनांक 15 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय पर्व लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय व लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन द्वारा एकीकृत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया |

- दिनांक 23 अगस्त 2025 को लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में “मिट्टी के गणेश प्रतिमा” कार्यशाला का आयोजन किया गया इसके अंतर्गत डॉ. रेणुका पांचाल मेडम के मार्गदर्शन में बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मिट्टी के गणेश जी बनाकर उन पर रंग व सजावट की गई |

- दिनांक 26 अगस्त 2025 से गणेशोत्सव प्रारंभ होने पर लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की ओर से संध्याआरती में सहभागिता प्रदान की गई |

- दिनांक 29 अगस्त 2025 को CBSE Dome में “प्लास्टिक वेस्ट” पर व्याख्यान के अंतर्गत लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से डॉ. धर्मिष्ठा शर्मा एवं डॉ. श्वेता पाठक की उपस्थिति रही |

- दिनांक 31 अगस्त 2025 को टिलक स्मृति मंदिर क्षीर सागर में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व एवं चरित्र पर माननीय कार्यपालन अधिकारी महोदय श्री गिरीश जी भालेराव द्वारा दिए गए व्याख्यान में लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से प्राचार्य महोदय एवं डॉ. माधवी सगरे व डॉ. धर्मिष्ठा शर्मा भी उपस्थित हुए |

- दिनांक 04 सितम्बर 2025 को मोदक निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के प्रशिक्षणार्थियों और शिक्षकों द्वारा मोदक निर्माण किये गये |

- दिनांक 06 सितम्बर 2025 पर विद्या विहार में गणेश विसर्जन कार्यक्रम के अंतर्गत लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन समस्त परिवार के द्वारा प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम समापन में सहयोग प्रदान किया गया |

- दिनांक 08 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन द्वारा AISHE रिपोर्ट प्रेषित की गई |

- दिनांक 09 सितम्बर 2025 से दिनांक 13 सितम्बर 2025 तक लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में (NEP - 2020 के अंतर्गत शिक्षण सहायक सामग्री ) कार्यशाला का 5 दिवसीय आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर द्वारा अपने Pedagogy विषयों पर आधारित रोचक चलित मॉडल व चार्ट बनाकर प्रस्तुत किये गए तथा अंतिम दिवस पर समापन के दौरान क्लस्टर गतिविधि के अंतर्गत NEP- 2020 पर 6 मिनिट में प्रति प्रशिक्षणार्थी अपने विचार प्रस्तुत किये गए |

- दिनांक 11 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति, उज्जैन द्वारा चलाये जा रहे क्षिप्रा प्रदूषण प्रोजेक्ट को लेकर समस्त इकाईयों में किये जा रहे कार्यक्रम एवं गतिविधियों के अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में किया गया जिसके अवलोकनार्थ माननीय समिति सदस्यों की उपस्थिति रही |

- दिनांक 12 सितम्बर 2025 व दिनांक 13 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति व उत्थान न्यास द्वारा CBSE Dome में त्रिदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत समस्त इकाईयों के साथ लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के समस्त शैक्षणिक स्टाफ की उपस्थिति रही, जिसमे श्री अतुल जी कोठारी के शब्दों में "चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास" व श्री दिलीप जी वसंत बेटकेकर के शब्दों में "भारतीय ज्ञान परम्परा" विषयों पर व्याख्यान दिए गए |

- दिनांक 15 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में 14 सितम्बर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत CBSE इकाई से वक्ता के रूप में श्री मुकेश जी उमठ की उपस्थिति रही |

- दिनांक 16 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा सभी इकाईयों में NEP - 2020 पर आयोजित की जा रही, शिक्षक वर्ग परीक्षा की श्रंखला के अंतर्गत लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में परीक्षा आयोजित की गई |

- दिनांक 20 सितम्बर 2025 को क्षिप्रा प्रदूषण प्रोजेक्ट के सन्दर्भ में लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के प्रशिक्षणार्थियों व प्राध्यापकों द्वारा मंगलनाथ नदी क्षेत्र पर पहुँच कर जनजागरण को सफल बनाया गया |

- दिनांक 26 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई जिसके अंतर्गत डी.डी बेदिया जी व राजीव पण्डया जी उपस्थित रहे|

- दिनांक 27 सितम्बर 2025 को लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में गरबा आयोजन रखा गया, जिसके अंतर्गत बी.एड. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी गई |

- दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को प्रशांति कॉलेज उज्जैन में आयोजित नारी जागरूकता व ICT पर सेमिनार में लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से डॉ. धर्मिष्ठा शर्मा एवं डॉ. श्वेता पाठक द्वारा उपस्थिति प्रदान की गई |

- दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति एवं सांस्कृतिक न्यास ,उज्जैन द्वारा "क्षिप्रा प्रदूषण कारण एवं समाधान" और "प्लास्टिक के दुष्परिणाम एवं निदान" विषयों पर शोध गतिविधि एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत टावर चौक पर प्रदर्शनी एवं जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के प्रशिक्षणार्थियों ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन व चार्ट एवं मॉडल का प्रस्तुतीकरण कर क्षिप्रा को प्रदूषण मुक्त रखने तथा प्लास्टिक के दुष्परिणामों के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया |

- दिनांक 17 नवम्बर 2025 से 23 नवम्बर 2025 तक राष्ट्रीय शिक्षक संकाय विकासोन्मुखी कार्यक्रम निर्मला कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन उज्जैन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से समस्त प्राध्यापकों द्वारा उपस्थिति प्रदान की गई |

- दिनांक 18 नवम्बर 2025 को बी.एड. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों के T1 & T2 टेस्ट सम्पन्न करवाये गए |

- दिनांक 07 नवम्बर 2025 को सरस्वती शिशु मंदिर मारुतिगंज उज्जैन में कुटुम्भ प्रबोधन एवं पर्यावरण के सम्बन्ध में भारतीय दृष्टि विषय पर लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से डॉ. रेखा भालेराव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुई तथा नागदा में हेडगेवार पथ संचालन में भी उपस्थिति प्रदान की |

- दिनांक 29 नवम्बर 2025 को संस्कृति व आधुनिकता को प्रदर्शित करती हुई CBSE इकाई की ओर से प्रदर्शनी आयोजन में लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से डॉ. धर्मिष्ठा शर्मा एवं डॉ. श्वेता पाठक शामिल हुए |

- दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को सरस्वती विद्या मंदिर, बड़ोद में भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से डॉ. रेखा भालेराव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं |

- दिनांक 15 दिसम्बर 2025 व 19 दिसम्बर 2025 को "स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर" विषय पर भारतीय कॉलेज, उज्जैन एवं माधव वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रेखा भालेराव लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से उपस्थित रहीं |

- दिनांक 23 जनवरी 2026 को लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में बसंत पंचमी महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाया गया |

- दिनांक 26 जनवरी 2026 लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन दोनों इकाईयों ने एकीकृत रूप से राष्ट्रीय पर्व को सम्मान पूर्वक मनाया | इसके अंतर्गत राज्यस्तरीय महिला हॉकी चैम्पियनशिप में मैडल प्राप्त करने वाली बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की प्रशिक्षणार्थी सलोनी सूर्यवंशी को उपस्थित अतिथि द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया गया व इस वर्ष लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन से दो सहायक प्राध्यापकों डॉ. माधवी सगरे एवं डॉ. श्वेता पाठक को शिक्षा में उपाधि प्राप्त होने पर प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया |

- दिनांक 02 फरवरी 2026 को बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों की EPC-4 Educational Psychology की Final Practical Exam सम्पन्न करवाई गईं |

- दिनांक 11 फरवरी 2026 को बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की School Internship व बी.एड. प्रथम सेमेस्टर EPC-1 Reading & Reflecting on Text की फाइनल प्रैक्टिकल एग्जाम सम्पन्न करवाई गई |

- दिनांक 16 मार्च 2026 को बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों का सत्रारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों की सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास को लेकर प्रथम कक्षा रही तथा चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों को उनके विषयवार सिलेबस से अवगत कराया गया |

प्रभारी प्राचार्य
लोकमान्य तिलक कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन
उज्जैन (म.प्र.)